हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शनिवार, जुलाई 13, 2024

12 बिजली कर्मचारियों ने किया मांगों को लेकर प्रदर्शन



12 जिले में केन्द्रीय टीम लगाएगी किसान खेत पाठशाला



### खबर संक्षेप

## गांजे के साथ युवक को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद पुलिस ने नशा लेकर अदालत परिसर में घुसने की कोशिश कर रहे एक युवक को चैकिंग के दौरान काबू कर लिया। पुलिस ने युवक के पास से 45 ग्राम गांजा बरामद किया है। युवक की पहचान इन्द्रोस पुत्र औमप्रकाश निवासी सुखलमपुर, रतिया के रूप में हुई है। थाना शहर फतेहाबाद के अंतर्गत आने वाली हुडा पुलिस चौकी की टीम को सूचना मिली कि ईएसआई उमेद सिंह ने अदालत परिसर के कैंटीन की तरफ के गेट पर लगे डीएफएमडी पर चैकिंग के दौरान एक युवक को शक के आधार पर पकड़ रखा है।

## स्कूटी व आईफोन छीनने का आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** बीघड़ रोड पर एक व्यक्ति को चाकू दिखाकर उससे लूटपाट करने के मामले में कार्रवाई करते हुए शहर फतेहाबाद पुलिस ने एक युवक को मिनी बाईपास से गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पकड़े गए युवक की पहचान सुरज उर्फ तोतू निवासी कुशल निवासी थेड़ मोहल्ला, रानिया रोड, सिरसा के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से वारदात को अंजाम देने के लिए प्रयोग किए की बाइक को भी बरामद कर लिया है।

## नाबालिग का खिड़की पर फंदे से लटका मिला शव

**रतिया।** रतिया में एक नाबालिग लड़के ने फंदे से लटक कर अपनी जान दे दी। नाबालिग के मरने के कारणों का पता नहीं चल पाया है, लेकिन बताया जा रहा है कि वह काफी डिप्रेशन में था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। मिली जानकारी के अनुसार, रतिया के लाली रोड निवासी 16 वर्षीय युवक के पिता की कुछ समय पहले मौत हो गई थी।

## उल्लंघन पर 96 वाहनों के काटे चालान

**फतेहाबाद।** सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने व हादसो से बचाने हेतु गलत ढंग से लेन चेंज करके वाहन चलाने वालों के खिलाफ जिला पुलिस की तरफ से चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत जिला यातायात की तीन पुलिस टीमों ने तीन अलग-अलग जगहों पर यातायात नियमों को तोड़ने वालो पर कार्रवाई करते हुए 96 चालान किये तथा साथ ही उन्हें यातायात नियमों की पालना करने बारे प्रेरित भी किया गया।

## सुरमयी शाम के लिए 15 तक करें आवेदन

**फतेहाबाद।** उपायुक्त राहुल नरवाल ने बताया कि कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा द्वारा सुरमयी शाम, मेरी आवाज मेरी पहचान कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिला के कलाकार कार्यक्रम में सहभागिता करने के लिए नाम, पता तथा मोबाइल नंबर के साथ ईमेल आईडी ई एटदीरेट जीमेल डॉट कॉम पर 15 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कार्यक्रम के तहत निर्धारित मानदंडों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि आवेदक का हरियाणा का मूल निवासी तथा आयु प्रमाण-पत्र देना अनिवार्य है।

## आंख जांच का नि:शुल्क मैडिकल कैंप 14 को

**फतेहाबाद।** नवकल्याण संस्था द्वारा जरूरतमंद लोगों के लिए निशुल्क आंखों की जांच, दंत जांच एवं एक्युप्रैशर थैरेपी कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। संस्था के मीडिया प्रभारी ललित चक्रवर्ती ने बताया कि प्रधान बंटी कम्बोज के नेतृत्व में उक्त फ्री मैडिकल कैम्प 14 जुलाई को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक जवाहर चौक स्थित श्री कृष्णा सेवा समिति धर्मशाला में आयोजित होगा। अनुभवी डाक्टर की टीम करेंगी स्वास्थ्य की जांच।

### एक घंटे की बरसात से जलमग्न हुईं गलियां, मानसून की फुहारों ने जमकर भिगोया

# टोहाना और जाखल में जमकर बरसे बदरा, धान रोपाई 80 प्रतिशत पूरी

**बारिश से 2-3 दिन से चली आ रही उमस व पसीने से लोगों को कुछ राहत मिली**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टोहाना/जाखल

मानसून की बरसात ने आज फिर टोहाना व जाखल को तेज फुहारों से जमकर भिगोया। करीब घंटाभर हुई बरसात से मौसम सुहावना हो गया वहीं लोगों व बच्चों ने जमकर लुत्फ उठाया। बारिश से 2-3 से चली आ रही उमस व पसीने से लोगों को कुछ राहत मिली। शुक्रवार को टोहाना में 25 एमएम व जाखल में 23 एमएम बारिश दर्ज की गई। जुलाई माह में भरपूर बारिश होने से यहां धान का रोपाई का काम करीब 80 प्रतिशत पूरा हो चुका है। फतेहाबाद में भी सुबह कुछ मिनट बरसात हुई लेकिन दिनभर लोग उमस से परेशान दिखे। शाम को बादल छाने और हवाएं चलने से लोगों को कुछ राहत जरूर मिली। टोहाना में शुक्रवार को सुबह हुई घंटाभर तेज बरसात ने पिछले कई दिनों से पड़ रही गर्मी व उमस से राहत दिलाने का काम किया। वहीं बरसाती पानी से कई क्षेत्रों में जलभराव होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना भी करना पड़ा। हालांकि मौसम साफ होने के बाद निकली धूप ने एक बार फिर वातावरण में गर्मी व उमस से बेहाल किया। बरसाती पानी से रतिया रोड, जमालपुर रोड, रामनगर, सब्जी मंडी, मिलन चौक, कैंची चौक, बस स्टैंड , चंडीगढ़ रोड, हिसार रोड, तहसील रोड, अनाज मंडी, कई कालोनियां भी जलमग्न हो गई। दोपहर से पहले कुछ स्थानों में बरसात रूकने के बाद पानी की निकासी होने से लोगों ने राहत की सांस ली। शुक्रवार को यहां 25 एमएम बारिश रिकार्ड की गई। टोहाना व जाखल पैडी बैल्ट के नाम से विख्यात है।



**टोहाना।** बरसात से जलमग्न शहर की गलियां।

### किसानों को राहत

यहां 95 प्रतिशत कृषि योग्य भूमि पर धान की बिजाई होती है। अब तक यहां धान की 80 फीसदी बिजाई का काम पूरा हो चुका है। अगले सप्ताह से पिछेती किस्म की धान की रोपाई का काम शुरू हो जाएगा। किसान इस बारिश से खासे प्रसन्न है। कारण यह है कि धान की रोपाई के बाद पानी का खेत में खड़ा रहना जरूरी है। इस मौसम में बिजली की कटौती के कारण पहले किसानों को ऐसा मौका नहीं मिला था। पिछले कई सालों में यह पहला मौका है जब जुलाई के एक पखवाड़े में ही भरपूर बारिश हो रही है। बता दें कि जिला में जुलाई माह में 160 एमएम बरसात हो चुकी है।





## टिकट वितरण से पहले होगा सर्वे, जिताऊ उम्मीदवारों को ही मिलेगी टिकट: हुड्डा

- लोकसभा चुनाव में जीत पर हुड्डा ने जताया कार्यकर्ताओं का आभार
- सांसद सैलजा व उनके समर्थक रहे नदारद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

पूर्व सीएम भूपेन्द्र सिंह हुड्डा और कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष उदयभान सिरसा लोकसभा सीट पर कांग्रेस को मिली जीत के बाद कार्यकर्ताओं का धन्यवाद करने शुक्रवार को फतेहाबाद पहुंचे। यहां आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में भारी संख्या में लोग और तमाम नेता पहुंचे, लेकिन कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा की अनुपस्थिति चर्चा का विषय रही। इसके संबंध में भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि कुमारी सैलजा पहले ही यहां धन्यवाद करके जा चुकी हैं, आज वे पार्टी की तरफ से कार्यकर्ताओं का धन्यवाद करने आए हैं। कार्यकर्ता सम्मेलन में पूर्व विधायक प्रहलाद सिंह गिल्लांखेड़ा, भरत सिंह बेनीवाल, कुलबीर बेनीवाल, डॉ.विरेंद्र सिवाच, निशान सिंह, पूर्व मंत्री परमवीर सिंह, रणधीर सिंह, पूर्व सांसद सुशील इंदौरा, कृष्णा पूनिया सहित तमाम नेता मौजूद रहे। हालांकि सैलजा समर्थक पूर्व विधायक बलवान दौलतपुरिया सहित सैलजा गुट के कई बड़े नेता भी सभा में नहीं दिखे।सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि 2004 से पहले प्रदेश में गुंडाराज कायम था, उनकी सरकार जब आई तो उन्होंने साफ तौर पर चेतावनी दी थी कि गुंडे या तो क्राइम छोड़ दें, या फिर हरियाणा छोड़ दें। इसके बाद हरियाणा में कानून राज बना। पत्रकारों से बात करते हुए पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने इनेलो-बसपा गठबंधन पर कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद यह साफ हो गया है कि प्रदेश में अब सीधा मुकाबला कांग्रेस और भाजपा में है। वोट काटने वालों का अब कोई स्थान नहीं रहा। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में रथयात्रा निकाली जाएगी और प्रदेश के हर हलके में जाएंगे। लोगों के बीच जाकर अपना संकल्प रखेंगे और लोगों को और चाहिए, उनकी मांगों को मेनिफेस्टों में शामिल करेंगे। कांग्रेस में टिकटार्थियों की लंबी लाइन के सवाल पर हुड्डा ने कहा कि टिकट वितरण से पहले सर्वे कराया जाएगा, जो उम्मीदवार जिताऊ होगा, उसको ही टिकट दी जाएगी।

## प्रतिबंधित दवा मिलने पर गांव मोरीवाला में मेडिकल स्टोर सील



**सिरसा।** ड्रग कंट्रोलर व पुलिस की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को गांव मोरीवाला में एक मेडिकल स्टोर पर छापामार कार्रवाई की। प्रतिबंधित दवाइयां मिलने पर मेडिकल स्टोर को सील कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार डिंग थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अशोक कुमार व ड्रग कंट्रोल विभाग की संयुक्त टीम ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए गांव मोरीवाला में स्थित शुभम मेडिकोज पर दबिश देकर रिकार्ड खंगाला तथा 182 ऐसी गोलियां व कैप्सूल बरामद किए हैं जो कि अक्सर युवा नशा पूर्ति के लिए प्रयोग करते हैं। पुलिस व ड्रग कंट्रोलर की संयुक्त टीम ने चैकिंग के दौरान दवाईयों की खरीद बेच के दस्तावेज प्रस्तुत नही करने पर कड़ा संज्ञान लेते हुए उक्त मेडिकल स्टोर को सील कर दिया है। पुलिस विभाग को सूचना मिली थी की सिरसा के भादरा बाजार निवासी राजकुमार पुत्र विजय कुमार गांव मोरीवाला में स्थित शुभम मेडिकोज संचालक है तथा कुछ युवा उक्त मेडिकोज स्टोर से दवाईया लेकर उन्हें नशा पूर्ति के लिए प्रयोग करते हैं। सूचना को पाकर डिंग थाना पुलिस की टीम ने औषधि नियंत्रक सुनील कुमार को साथ लेकर मेडिकलस्टोर पर छापेमारी कर अनियमितताएं पाए जाने पर उसे सील कर दिया।

## पोर्टल पर हाजरी के विरोध में प्रतियां फूंकी

- सरकार की ऐसी नीतियों से सभी कर्मचारी ताउम्र कच्चे रहेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

पोर्टल से हाजरी लगाने के विरोध में नगरपरिषद कर्मचारियों ने शुक्रवार शाम को नगर पालिका कर्मचारी संघ के आह्वान पर शहर में प्रदर्शन किया। कर्मचारी हाथों में उलटी झाड़ू व काले झंडे लेकर सड़कों पर उतरे और सरकार की दलित सफाई कर्मचारी विरोधी नीति के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए पोर्टल से हाजरी लगाने बारे सरकार द्वारा जारी पत्र की प्रतियां जलाई गई। आज के प्रदर्शन की अध्यक्षता ईकाई प्रधान नरेश राणा ने की और संचालन सचिव ओम प्रकाश लोट ने किया। प्रदर्शन में राज्य कमेटी से वरिष्ठ उपप्रधान रमेश तुषामड़ और डोर टू डोर कर्मचारियों ने भी भाग लिया। प्रदर्शन के बाद नगरपरिषद ईओ को ज्ञापन भी सौंपा। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों को संबोधित करते हुए राज्य वरिष्ठ उपप्रधान रमेश तुषामड़, जिला सचिव विजय ढाका और ब्लॉक प्रधान नरेश राणा ने कहा कि हरियाणा कौशल रोजगार निगम की तर्ज पर सफाई कर्मचारियों के लिए सरकार अलग पोर्टल बनाकर अलग से वेतन निर्धारित कर इन कर्मचारियों को समाज की मुख्य धारा से अलग करने का षड्यंत्र रच रही है। सरकार की ऐसी नीतियों से सभी कर्मचारी ताउम्र कच्चे रहेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा 16900 में 100 रुपये बढ़ाकर मानदेय 17000 करना कर्मचारियों के साथ एक भद्दा मजाक है। पोर्टल से हाजिरी व मानदेय में मामूली बढ़ोतरी से खफा कर्मचारियों ने काले झंडे व उल्टी झाड़ू के साथ प्रदर्शन किया और इस पत्र को वापस लेने व मांगों का समाधन करने की मांग की। कर्मचारियों ने कहा कि अगर सरकार ने 20 जुलाई तक उनकी मांगों का समाधान नहीं किया तो नगर पालिका कर्मचारी संघ 21 जुलाई को रोहतक में राज स्तरीय विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन कर राज्यव्यापी बड़े आन्दोलन की घोषणा करेगा।



**फतेहाबाद।** उलटे झाड़ू व काले झंडे लेकर प्रदर्शन करते नगरपरिषद कर्मचारी।

## फतेहाबाद जिले से दो मोटरसाइकिल चोरी

**फतेहाबाद।** वाहन चोरों ने जिले में अलग-अलग स्थानों से दो मोटरसाइकिल चोरी कर लिए। पहले मामले में पुलिस को दी शिकायत में गांव सनियाना निवासी विक्की ने कहा है कि गत दिवस दोपहर को वह खाना खाने घर आया था। उसने अपने मोटरसाइकिल को घर के बाहर खड़ा किया और अंदर चला गया। कुछ देर बाद जब वह वापस बाहर आया तो उसने देखा कि वहां से उसका मोटरसाइकिल गायब था। इस पर पहले उसने मोटरसाइकिल की आसपास तलाश की लेकिन जब कुछ पता नहीं चला तो उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने केस दर्ज कर बाईक की तलाश शुरू कर दी है।

## चोरी का आरोपी युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

गांव भिरडाना में हुई चोरी के मामले को थाना सदर फतेहाबाद की पुलिस ने सुलझा कर एक आरोपी को काबू कर लिया है। पकड़े गये आरोपी की पहचान कर्ण सिंह उर्फ करणी पुत्र गुरबक्स सिंह निवासी भिरडाना के रूप में हुई है। इस बारे जानकारी देते हुए थाना सदर फतेहाबाद प्रभारी प्रहलाद सिंह ने बताया कि 9 जुलाई को बलविन्द्र सिंह पुत्र दयाल सिंह निवासी भिरडाना ने एचसी जयदेव सिंह को शिकायत दी कि 7 जुलाई को बलविन्द्र सिंह व उसका परिवार किसी काम से बाहर गये हुए थे। शाम को जब वह वापस घर आए तो देखा कि उसके घर में बने दो कमरों के ताले टूटे हुए थे और घर से सोने के गहने व नकदी गायब थी। इस पर एचसी जयदेव सिंह की टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए नये कानून के अनुसार चोरी की विभिन्न धाराओं के तहत मामला अंकित किया और चोरों की तलाश शुरू कर दी। पुलिस टीम ने चोर के खिलाफ साक्ष्य जुटाते हुए आरोपी कर्ण सिंह उर्फ करणी उक्त को काबू कर उसके कब्जा से चोरी शुदा एक एलईडी, 1.22 ग्राम सोना एवं 28 हजार रुपये की चोरी शुदा नकदी भी बरामद कर ली है।



**फतेहाबाद।** पुलिस हिरासत में चोरी के आरोप में पकड़ा गया युवक।

- आरोपी के पास से चोरी का माल बरामद

## बुजुर्ग को बंदूक सहित किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** अवैध हथियार रखने के आरोप में थाना जाखल पुलिस ने एक बुजुर्ग को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से एक बंदूक सिंगल बैरल 12 बोर व 5 जिंदा कारतूस बरामद किए है। थाना जाखल पुलिस की टीम एएसआई कृष्ण कुमार के नेतृत्व में गश्त के दौरान जाखल से गांव तलवाड़ा की तरफ जा रही थी। पुलिस टीम जब गांव तलवाड़ा में राइस मिल के पास पहुंची तो सामने से एक बुजुर्ग कंधे पर बंदूक लिए आते दिखाई दिया। पुलिस कर्मचारियों ने बुजुर्ग व्यक्ति को रोककर उससे पूछताछ की तो उसने अपना नाम रण सिंह निवासी तलवाड़ा बताया। दिखाने पर बंदूक लाइसेंस अवैध निकला।

## सीएम फ्लाइंग का बिजली निगम पर छापा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

मुख्यमंत्री उड़नदस्ते की टीम ने शुक्रवार को शहर के भट्टू रेड स्थित दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के शहरी उपमंडल कार्यालय में छापेमारी की। सीएम फ्लाइंग की छापेमारी की सूचना मिले ही कर्मचारियों में हडकंप मच गया। टीम ने यहां बिजली निगम कर्मचारियों के हाजिरी रजिस्टर, बिजली बिल, बिजली निगम के चल रहे कामों आदि के रिकार्ड की जांच की। इस दौरान टीम ने शहरी उपमंडल के एसडीओ मानिक से सवाल-जवाब भी किए। मिली जानकारी के अनुसार सुबह करीब 10 बजे सीएम फ्लाइंग की टीम बिजली निगम कार्यालय में पहुंची। टीम जब कार्यालय में पहुंची, उस समय कर्मचारी काम करते नजर आए। टीम ने एसडीओ मानिक के कार्यालय में बैठकर रिकार्ड की जांच की और अधिकारी से बिजली निगम द्वारा करवाए गए कायार्ें बारे जानकारी लेते हुए उनका रिकार्ड मांगा। टीम द्वारा बिजली निगम के कार्यालय में तैनात सभी जेई को भी मौके पर बुलाने को कहा गया। इसके बाद मौके पर पहुंचे जेई से भी टीम द्वारा पूछताछ की गई है।



**फतेहाबाद।** एसडीओ कार्यालय में जांच पड़ताल करते सीएम फ्लाइंग टीम सदस्य।

### नागरिक अधिकार मंच व उपायुक्त के बीच कई मुद्दों पर हुई बैठक

## शहर के मुख्य चौराहों पर लगाए जाएंगे सीसीटीवी

- रतिया रोड व बीघड़ रोड पर लाल बत्ती के लिए प्रपोजल भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

नागरिक अधिकार मंच एवं जिला प्रशासन के बीच शहर की विभिन्न समस्याओं को लेकर आज एक बैठक हुई। मीटिंग की अध्यक्षता उपायुक्त राहुल नरवाल ने की। मीटिंग में शहर के कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई और उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को इन मुद्दों कार्य करने के लिए निर्देश जारी किए। मंच के संयोजक राजीव सेतिया ने बताया कि जिला पुस्कालय के लिए प्रशासन ने पुराने बस स्टैंड में जगह देने हेतु सरकार को अनुमोदित कर दिया है। शहर मुख्य चौराहों पर सीसीटीवी लगवाने हेतु पुलिस प्रशासन को पत्र जारी किया जाएगा। पुराने एसडीएम निवास को बच्चों के लिए प्ले ग्राउंड व स्पोर्टस क्लब के लिए चिन्हित किया गया है। सैक्टर-3 के प्राईमरी स्कूल एवं जगजीवनपुरा प्राईमरी स्कूल के नाम बदलने हेतु शिक्षा विभाग को निर्देश जारी किए गए है। इसके अलावा मिनी बाईपास पर स्ट्रीट लगाई जाएगी वहीं बरसाती पानी की निकासी हेतु निर्देश जारी किए गए है। राजीव सेतिया ने बताया कि नप कार्यकारी अभियंता ने रतिया रोड व बीघड़ रोड पर लालबती लगाने हेतु प्रपोजल भेज दिया है। सफाई कर्मियों के नए पद सृजित किए जाएंगे, 1975 से पहले बसी कॉलोनियों पर लिए जा रहे विकास शुल्क को पोर्टल से हटवाने हेतु जगजीवन पुरा में प्रशासन द्वारा 17 जुलाई को कैंप लगाया जाएगा। चिल्ली झील के सौंदर्यकरण व कार्य प्रगति समीक्षा हेतु 18 जुलाई को उपायुक्त व मंच सदस्य मौके का जायजा लेंगे। इस मीटिंग में नप, जनस्वास्थ्य विभाग एवं शिक्षा के अधिकारी एवं नागरिक अधिकार मंच से पार्षद मोहन लाल नारंग, शम्मी रति, दुष्यंत शर्मा, शहनवाज एडवोकेट, जसवीर भ्याना, सुशील बिश्नोई, हेतराम, सुभाष चौहान रहे।



**फतेहाबाद।** प्रशासन के साथ बातचीत के लिए जाता नागरिक अधिकार मंच का प्रतिनिधिमंडल।

## चोर मकान से 25 लाख के आभूषण और डेढ़ लाख नकद लेकर फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भूना

ढाणी सांचला गांव में भटटू रोड पर एक मकान में चोरों ने पीछे की खिड़की से घुसकर 25 लाख रुपये के सोने-चांदी के आभूषण व डेढ़ लाख की नगदी निकाल कर फरार हो गए। घर के सदस्यों को सुबह चोरी की वारदात का पता तब लगा,जब वे नींद से उठकर कमरे की तरफ गए। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।ढाणी सांचला निवासी रामनिवास बुरड़क के बेटे अमनदीप बुरड़क ने बताया कि वीरवार की रात को परिवार के सदस्य करीब 12 बजे नींद के लिए सोए थे। परंतु देर रात्रि को अज्ञात चोरों ने मकान के पीछे लगी हुई खिड़की का शीशा उतार कर घर में प्रवेश किया। जिन्होंने कमरे के दरवाजे को चुन्नी से बांध दिया और चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया। उन्होंने बताया कि संदूक में रखे हुए 25 तोला सोने की हस्ली, गले का हार, गले का लॉकेट, चार अंगूठी के आभूषण व 7 तोले चांदी का नारियल तथा करीब डेढ़ लाख की नगदी शुक्रवार की सुबह देखा तो गायब मिली। जो संदूक में सुरक्षित रखे हुए थे, परंतु चोरों ने संदूक का ताला तोड़कर वारदात को अंजाम दिया। उन्होंने बताया कि चोरों के पांव देखे व सीसीटीवी में उनकी पहचान को लेकर अपने स्तर पर इधर-उधर काफी प्रयास किया और पुलिस को घटना से संबंधित सूचना दी। पुलिस जांच पड़ता में जुटी है।



एक सूअर कभी भी आसमान की तरफ नहीं देख सकता है।



इस पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा जानवर भारत में ही मौजूद है।

# प्रकृति से प्रेम है तो वन सेवा में ऑफिसर अच्छा करियर विकल्प



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

भारतीय वन सेवा का पद भारत की अखिल भारतीय सेवाओं में से एक है। अगर आपका भी सपना है कोई अच्छे पद पर सरकारी जॉब करने का तो आपके लिए आईएफएस एक बढ़िया ऑप्शन हो सकता है। आईएफएस एक ऐसी सरकारी जॉब है जिसमे आप अपना बेहतरीन करियर बना सकते हो। यह लेख पड़ने के बाद आप यह अच्छे से समज सकेंगे कि आईएफएस ऑफिसर कैसे बने और आईएफएस का फुल फोर्म क्या होता है। आईएफएस बनने के लिए क्या क्या योग्यता होनी चाहिए। यह एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें आपको काफी मेहनत करनी पड़ेगी। हालांकि यह करियर बनाने का एक बेहतरीन क्षेत्र है।

## क्या होता है इंडियन फॉरेस्ट सर्विस

इंडियन फॉरेस्ट सर्विस (आईएफएस ) जिसे हिंदी में भारतीय वन सेवा के पद के नाम से जाना जाता है और यह भारत की अखिल भारतीय सेवाओं में से एक है। जैसे कि आईएसएस, आईपीएस और आईएफएस। आईएफएस को 1966 में अखिल भारतीय सेवा अधिनियम 1951 के तहत भारत सरकार द्वारा गठित किया गया। जैसे कि नाम से ही पता चलता है फॉरेस्ट ऑफिसर का काम जंगलों की देखरेख करने से लेकर जंगलों की अवैध कटाई पर रोक लगाने का होता है। अब तो वन विभाग सेक्टर में काफी बदलाव भी आ रहे है जैसे कि इसमें बहुत ज्यादा नौकरियां निकलने लगी है और वन विभाग में अफसर होना कोई छोटी बात नहीं है और इसमें सैलरी पैकेज भी काफी अच्छा रहता है। आईएफएस यानी कि इंडियन फोरेस्ट सर्विस की नियुक्ति एक वन रक्षक के रूप में होती है जिसमे आपको देश की सेवा करने का मौका भी मिलता है। आईएफएस की जॉब में एक शानदार भविष्य की कामना कर सकते है।

## जरूरी योग्यताएं

आईएफएस बनने के लिए आपको सबसे पहले इसके एग्जाम की पतैयारी पर पूरा ध्यान देना होगा। अगर आप नहीं जानते है कि आईएफएस की तैयारी कैसे करे तो घबराइए मत हम आपको पूरा प्रोसेस शेयर करेंगे। आईएफएस के पद पर कार्यरत होने के लिए आपको आईएफएस का एग्जाम पास करना जरुरी होता है इसके बाद ही हम इस पद के अधिकारी बन सकते है। आईएफएस के लिए क्या योग्याएं होनी चाहिए चलो जानते है।

### आयु योग्यता

अगर आप इंडियन प्रेस ऑफिसर बनना चाहते हैं तो आपकी न्यूनतम आयु सीमा 21 वर्ष और अधिकतम आयु सीमा 30 वर्ष होनी अनिवार्य है। इसके अलावा पिछड़ा वर्ग जैसे ओबीसी , एससी, एसटी और ईडब्ल्यूएस आदि कैंडिडेट के लिए आयु सीमा में छूट का प्रावधान मिलता है।

### स्नातक की डिग्री जरूरी

फोरेस्ट विभाग में ऑफिसर बनने के लिए शैक्षिक योगयता में उमीदवार को किसी एक विषय में स्नातक डिग्री होना जरुरी है। जैसे कि गणित, जीव विज्ञान, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, पशु चिकित्सा विज्ञान, पशुपालन इंजीनियरिंग, वानिकी, वनस्पति विज्ञान, कृषि सांख्यिकी अदि में किसी भी सब्जेक्ट में ग्रेजुएट है तो आप फोरेस्ट ऑफिसर बनने के लिए अप्लाई कर सकते हो।

## पास करनी होगी परीक्षा

**भारतीय वन अधिकारी बनने के लिए आपको तीन चरणों को क्लियर करना होता है जिसके बाद आईएफएस बन सकते हैं।**

**प्राथमिक परीक्षा, मुख्य परीक्षा, साक्षात्कार**

इन तीनों राउंड में से सबसे पहले आपका प्री एग्जाम होता है जो ऑब्जेक्टिव टाईप रहता है और प्री एम्जाम को पास कर लेने के बाद आप मेन्स एग्जाम में बैठने के योग्य होते हैं। और मुख्य परीक्षा आपकी सब्जेक्टिव यानी कि इसमें विस्तार से प्रश्न पूछे जाते हैं। प्री और मेन्स परीक्षा पास कर लेने के बाद आखिर में कैंडिडेट्स को इंटरव्यू के लिए बुलाया जाता है जो के फाइनल स्टेप होता है। इस इंटरव्यू को क्लीयर कर लेने के बाद कैंडिडेट्स को फाइनली ट्रेनिंग के लिए भेजा जाता है।

### मुख्य काम

वन विभाग और वन मंत्रालय की जानकारी के लिए जंगल के पेड़ पौधों, जीव जंतुओं से जुड़ा सर्वे करना, कागजी कार्यवाही करना और रिपोर्ट तैयार करना। भेड़, बकरियों व अन्य सभी पालतू जानवरों को वन भूमि पर चरने से रोकना। घायल जीव जंतुओं और पक्षियों को चिकित्सा सहायता देना या उन्हें ऐसे जगह पहुंचाना जहां वे ठीक हो सके और सुरक्षित रहें। जंगल में अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाना ताकि जंगल का विकास हो सके। शिकारियों को शिकार ना करने देना, अवैध रूप से काटी गई लकड़ी या शिकार किए गए जानवरों या जानवरों के अंगों को जब्त करना।

### सैलरी

आईएफएस अफसर के बारे सभी जानकारी जानने के बाद अब हमारे मन में आखरी और महत्वपूर्ण सवाल होता है कि आखिर इतनी मेहनत करने के बाद आईएफएस की सैलरी क्या होगी। तो हम आप को बता दें कि आईएफएस अफसर को सैलरी काफी अच्छी मिलती है और उसमे समय समय पर इजाफा भी होता है। आईएफएस के पद में 15600 रु प्रति माह से लेकर 40000 रु प्रति माह वेतन देह होता है और 5400 रु ग्रेड पे भी मिलती है। आईएफएस के पद में कई सारे भत्ते अदि भी मुहैया कराये जाते हैं।

---

## सभी एयरलाइन्स कंपनियां करती नियुक्तियां

बेहतर पद और अच्छी सैलरी की चाहत होती पूरी

# आसमान को छूना पसंद है तो एयर होस्टेस बन चमकाएं अपना करियर

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

आ हम सभी को अपने सपने के बारे में तो पता रहता है, कि हमें आगे बड़े होकर क्या बनना है ,कोई डॉक्टर बनना चाहता है तो कोई इंजीनियर, टीचर या फिर एयर होस्टेस बनना चाहता है। किंतु हमें समय पर सही गाइडलाइंस ना मिलने के कारण कई बार हमारे सपने बीच में अधूरे या फिर हम अपने सपनों के लिए सही राह का चयन नहीं कर पाते। जिससे हम ज्यादातर रास्ते भटक जाते हैं। कई बार ऐसा होता है कि समय होता है तो सामने सही रास्ते कौन से हैं। यह पहचान पाना बहुत मुश्किल हो जाता है, जब समय हाथ से निकल जाता है तो हम उस परिस्थिति में हम स्वयं को कोसने में लग जाते हैं। करियर के लिए समय पर सही गाइडलाइंस मिलना बेहद जरूरी है। बहुत से ऐसे स्टूडेंट्स है जो एयर होस्टेस बनना चाहते हैं। यह आर्टिकल उन सभी स्टूडेंट्स के लिए है जो आगे अपना करियर एयर होस्टेस में बनाना चाहते हैं। आइए इसी के साथ हम अपने आर्टिकल की शुरुआत करते हैं।

## एयर होस्टेस किसे कहते हैं

एयर होस्टेस नाम सुनते ही इतना अंदाजा तो हम लगा ही सकते हैं की हवाई यात्रा से जुड़े काम। एयर हॉस्टेस वह होते हैं जो एरोप्लेन में हवाई यात्रा के दौरान यात्रीगण को सुविधा और इससे रिलेटेड बहुत सी जानकारी सभी यात्रियों को देते हैं बहुत सी एयरलाइन्स कंपनियां एरोप्लेन में एयर होस्टेस नियुक्त करती है। हवाई जहाज में हवाई यात्रा के दौरान सभी यात्रियों को हैंडल करने का काम सारा एयर होस्टेस का ही होता है। एयर होस्टेस का काम एरोप्लेन में यात्रा के दौरान सभी यात्रियों के सामानों का सही जगह में रख रखाव, रजिस्ट्रेशन के हिसाब से यात्री को उनकी सही सीट देना, सीट बेल्ट कैसे लगाना है? इसके साथ साथ खाने पीने की सुविधा यह सभी काम एयर होस्टेस द्वारा की जाती है। ताकि किसी भी यात्री को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना ना करना पड़े। एरोप्लेन में यात्रियों को सुविधा प्रदान करने के लिए बनने वाली एयर होस्टेस केवल लड़कियां ही होती है। और जो लड़के एरोप्लेन में यात्रियों के लिए सुविधा प्रदान करते हैं उन्हें केबिन क्रू कहते हैं।



## लड़कियों के लिए सबसे बेहतर विकल्प



## एयर होस्टेस के लिए शैक्षणिक योग्यताएं

जो उम्मीदवार एयर होस्टेस बनने का सपना देख रहे होते हैं उन उम्मीदवारों को सबसे पहले एयर होस्टेस बनने के लिए जरूरी योग्यता को पूरा करना होता है उसके पश्चात ही उन्हें एयर होस्टेस बनने का मौका मिलता है। एयर होस्टेस बनने के लिए क्या करना पड़ता है ? आपको निम्नलिखित चरण बद्ध तरीके से बताया गया है।

- एयर होस्टेस के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवार सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी बोर्ड से बारहवीं कक्षा पास करना अनिवार्य है।
- एयर होस्टेस के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवार आर्ट्स, कॉमर्स या साइंस किसी भी सब्जेक्ट से हो। 12वीं की कक्षा पास होनी चाहिए।
- उम्मीदवार मान्यता प्राप्त किसी भी विश्वविद्यालय से किसी भी सब्जेक्ट में ग्रेजुएशन की शिक्षा लेकर पास की हो।
- इंग्लिश और हिंदी दोनों भाषा का आना अति आवश्यक है।

## योग्यताएं

- आवेदन करता की आयु कम से कम 18 वर्षों से अधिक से अधिक 25 वर्ष होनी चाहिए।
- उम्मीदवार की कम्यूनिकेशन स्किल अर्थात बोलचाल का सही ढंग होना चाहिए।
- उम्मीदवार शारीरिक व मानसिक दोनों रूपों से स्वच्छ और स्वस्थ होना आवश्यक है।
- आवेदन करता की पॉजिटिव सोच के साथ-साथ बॉडी लैंग्वेज अच्छी होनी चाहिए।
- उम्मीदवार की ऊंचाई कम से कम 157.5 सेंटीमीटर होनी चाहिए।
- उम्मीदवार की आंखों में किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं होनी चाहिए उनके आंखों का विजन 6/6 होनी चाहिए।



## तीन प्रकार के कोर्स

1. **सर्टिफिकेट कोर्स** :- जो अभ्यार्थी कम समय में एयर होस्टेस बनना चाहते हैं वह सर्टिफिकेट कोर्स कर सकते हैं। जिसमें आपको सर्टिफिकेट दी जाएगी। इसे आप 12वीं पास करने के बाद कर सकते हैं। यह कोर्स 1 साल का होता है।
2. **डिप्लोमा कोर्स** :- यह कोर्स करने के लिए अभ्यार्थी को 12वीं पास करना आवश्यक है। जिसके पश्चात वे डिप्लोमा कोर्स कर सकते हैं जिसमें उन्हें डिप्लोमा की डिग्री दी जाएगी। ग्रेजुएशन पास अभ्यार्थी डिप्लोमा कोर्स करना चाहते हैं तो उनके लिए पीजी डिप्लोमा कोर्स होती है। पीजी डिप्लोमा कोर्स केवल ग्रेजुएशन पास अभ्यर्थियों के लिए हैं।
3. **डिग्री कोर्स** :- यह कोर्स उन अभ्यर्थियों के लिए हैं जो एयर होस्टेस में डिग्री प्राप्त करना चाहते हैं। यह डिग्री कोर्स 3 साल की होती है। यह कोर्स अभ्यार्थी 12वीं पास करने के पश्चात कर सकते हैं।

## ऐसे बनें एयर होस्टेज


- एयर होस्टेस बनने के लिए अभ्यार्थी को सर्वप्रथम मान्यता प्राप्त बोर्ड से किसी भी सब्जेक्ट में 12वीं कक्षा पास करनी होगी।
- या ग्रेजुएशन प्राप्त अभ्यार्थी को मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से ग्रेजुएशन की परीक्षा पास करनी होगी।
- अभ्यार्थी को ऐसे इंस्टिट्यूट मे एडमिशन लेना होगा जहां एयर होस्टेस कोर्स की सारी सुविधा दी जाए।
- 12वीं पास अभ्यर्थीयों को स्वयं निर्णय लेने होगें। वह एयर होस्टेस बनने के लिए डिप्लोमा, डिग्री या सर्टिफिकेट कोर्स में से किस कोर्स मे एडमिशन लेना चाहते हैं।
- एडमिशन के बाद अभ्यार्थी को अपने कोर्स में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। और अच्छे अंको से पास आउट भी होना होगा।
- अभ्यार्थी अब अपना आवेदन एयर होस्टेज की जॉब के लिए कर सकते हैं।
- बहुत सारी बड़ी-बड़ी एयरलाइंस की कंपनियां एयर होस्टेस नियुक्त करती है। समय-समय पर कंपनी द्वारा नोटिफिकेशन जारी की जाती है।
- उसके पश्चात आप एयर होस्टेस के लिए रिक्वायरमेंट के हिसाब से अभ्यार्थी अपना आवेदन कर सकते हैं।
- अभ्यार्थियों के आवेदन सेलेक्शन के बाद एयरलाइंस कंपनियों द्वारा रिटन टेस्ट और ऑफिसर द्वारा डिस्कशन की जाती है। फिर सिलेक्टेड अभ्यार्थियों को इंटरव्यू के लिए बुलाया जाता है।
- इंटरव्यू में सिलेक्शन किया जाता है।
- सिलेक्शन के पश्चात अभ्यर्थियों को एयरलाइंस द्वारा 6 महीनों के लिए ट्रेनिंग में भेजा जाता है।
- उन्हें ट्रेंड अभ्यार्थियों को एयर होस्टेस के पद में नियुक्त किया जाता है। इसके पश्चात उन्हें एरोप्लेन मे भेज दिया जाता है।

## कितना मिलता वेतन

एयर होस्टेस की सैलरी एयरलाइंस कंपनी के हिसाब से होती है। सीनियर एयर होस्टेस की सैलरी थोड़ी अधिक होती है। सीनियर एयर होस्टेस के पास अनुभव जबकि जूनियर एयर होस्टेस फ्रेशर होते हैं। कई एयरलाइंस कंपनी में एयर होस्टेस की सैलरी 25000 से 40000 होती है। तो कई एयरलाइंस में इससे कम तो कई एयरलाइंस कंपनी में इससे अधिक होती है। इंटरनेशनल एयरलाइंस कंपनी में एयर होस्टेस की सैलरी प्रतिमाह में कम से कम 100000 और अधिक से अधिक 200000 होती है।

---

# कानून परिवर्तनों का प्रभावः नई पीढ़ी के लिए एक महत्वपूर्ण अध्ययन



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

भारत की न्यायपालिका, जो संविधान के अधीन देश के कानूनों को लागू करती है, समाज में स्थायित्व और न्याय को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। समय के साथ, न्यायपालिका में कई परिवर्तन और सुधार हुए हैं ताकि इसे अधिक प्रभावी और न्यायपूर्ण बनाया जा सके। आज का युग डिजिटल क्रांति का है, जिसमें इंटरनेट और तकनीकी विकास ने हमारे जीवन को बदल दिया है। यह परिवर्तन हमारे लिए अनेक अवसर लाया है, लेकिन इसके साथ ही साइबर अपराधों की चुनौतियां भी आई हैं। ऐसे में, एक सुरक्षित और जिम्मेदार डिजिटल वातावरण का निर्माण अत्यंत महत्वपूर्ण हो गया है। इसके लिए सामुदायिक और सरकारी प्रयासों का समन्वय अत्यंत आवश्यक है।

## कानूनों की जानकारी होना जरूरी

2 जुलाई, 2024 को भारतीय न्यायपालिका में कुछ महत्वपूर्ण कानून परिवर्तन लागू हुए, जिनका अध्ययन नई पीढ़ी के लिए आवश्यक है। ये परिवर्तन न केवल न्यायिक प्रक्रियाओं में सुधार लाने में सहायक होंगे, बल्कि वे नागरिकों के अधिकारों और कर्तव्यों की समझ को भी सुदृढ़ करेंगे।

**कानूनी प्रक्रिया में डिजिटल परिवर्तन** : पहला बड़ा परिवर्तन न्यायिक प्रक्रियाओं के डिजिटलीकरण से संबंधित है। अब विभिन्न अदालतों में मामलों की फाइलिंग और सुनवाई ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से भी की जा सकेगी। इससे न्यायिक प्रक्रिया में पारदर्शिता और तीव्रता आएगी। डिजिटल सिस्टम की मदद से न्यायिक प्रणाली में भ्रष्टाचार और कागजी कार्यवाही में देरी को कम किया जा सकेगा। नई पीढ़ी को इस डिजिटल पहल की जानकारी होना आवश्यक है ताकि वे कानून के नए रूप से जुड़ सकें और उसका प्रभावी उपयोग कर सकें।

**विवाद निवारण के वैकल्पिक उपाय** : न्यायपालिका ने वैकल्पिक विवाद निवारण के तरीकों को अधिक महत्व दिया है। इसमें मध्यस्थता, सुलह और लोक अदालतें शामिल हैं। ये उपाय अदालती मामलों के बोझ को कम करने और त्वरित न्याय प्रदान करने में मदद करते हैं। नई पीढ़ी को एडीआर की प्रक्रियाओं और उनके लाभों के बारे में जागरूक होना चाहिए, जिससे वे कानूनी विवादों को तेजी से और सस्ते में सुलझा सकें।

**महिलाओं और बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा** : 2 जुलाई के परिवर्तनों में महिलाओं और बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया गया है। महिलाओं के खिलाफ हिंसा और बच्चों के यौन उत्पीड़न के मामलों में त्वरित कार्रवाई और कठोर दंड का प्रावधान किया गया है। यह परिवर्तन समाज में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को बढ़ाने का प्रयास करता है। युवा पीढ़ी को इन कानूनों की जानकारी होना आवश्यक है ताकि वे अपने अधिकारों के प्रति सचेत रहें और समाज में सुरक्षित वातावरण बना सकें।

**पर्यावरण संरक्षण कानून**: पर्यावरण संरक्षण के लिए नए और सख्त कानून लागू किए गए हैं। अब उद्योगों और व्यक्तियों पर पर्यावरणीय मानकों का उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पर्यावरणीय अपराधों के लिए दंड भी बढ़ा दिए गए हैं। ये कानून आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ और सुरक्षित पर्यावरण सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

## न्यायिक पारदर्शिता और उत्तरदायित्व

न्यायपालिका में पारदर्शिता और उत्तरदायित्व बढ़ाने के लिए नए प्रावधान जोड़े गए हैं। जजों की नियुक्ति और न्यायिक फैसलों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न निगरानी तंत्र स्थापित किए गए हैं। इससे न्यायपालिका में विश्वास और जनता की न्याय व्यवस्था में भागीदारी बढ़ेगी।

न्यायपालिका में 2 जुलाई को हुए कानून परिवर्तनों का अध्ययन नई पीढ़ी के लिए आवश्यक है। इन परिवर्तनों के माध्यम से, कानून और न्याय प्रणाली को अधिक सुदृढ़, पारदर्शी और उत्तरदायी बनाया गया है। नई पीढ़ी को इन परिवर्तनों के महत्व को समझना चाहिए ताकि वे कानून का सही उपयोग कर सकें और एक न्यायपूर्ण समाज के निर्माण में अपनी भूमिका निभा सकें। यह समझ न केवल उन्हें बेहतर नागरिक बनाएगी बल्कि देश की प्रगति में भी सहायक सिद्ध होगी। आज की युवा पीढ़ी, जो तकनीकी रूप से सशक्त और सूचनाओं से परिपूर्ण है, भारत के भविष्य की नींव है। जागरूकता का अर्थ केवल जानकारी प्राप्त करना नहीं है, बल्कि जानकारी को समझना, उसके आधार पर सोच बनाना और उसे समाज के भले के लिए उपयोग करना है। भारत के विकास के लिए नई पीढ़ी की जागरूकता और उसकी सक्रिय भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। न्यायपालिका के इन सुधारों के प्रति जागरूकता और समझ नई पीढ़ी के लिए एक नैतिक और कानूनी जिम्मेदारी है, जो उन्हें भविष्य में एक जिम्मेदार नागरिक बनने में मदद करेगी। डिजिटल दुनिया में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए केवल व्यक्तिगत सतर्कता ही पर्याप्त नहीं है; सामुदायिक प्रयास और सरकारी पहल भी बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सामुदायिक जागरूकता और सरकारी उपाय न केवल लोगों को साइबर खतरों से बचने में मदद करते हैं, बल्कि उन्हें एक सुरक्षित और जिम्मेदार डिजिटल नागरिक बनने में भी सक्षम बनाते हैं। इस खंड में हम विस्तार से चर्चा करेंगे कि कैसे सामुदायिक प्रयास और सरकारी पहल साइबर अपराधों को कम करने और डिजिटल सुरक्षा को बढ़ावा देने में सहायक हो सकते हैं।

**साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान**: साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए सामुदायिक संगठनों, स्थानीय समूहों, और शैक्षिक संस्थानों को मिलकर अभियान चलाने चाहिए। ये अभियान कार्यशालाएं, सेमिनार, और सोशल मीडिया अभियानों के माध्यम से समुदाय को साइबर सुरक्षा की बुनियादी जानकारी और सुरक्षित ऑनलाइन व्यवहार के बारे में शिक्षित कर सकते हैं।

**उदाहरण**: साइबर सुरक्षा कार्यशालाएं:स्थानीय स्कूलों और कॉलेजों में साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों द्वारा कार्यशालाएं आयोजित की जा सकती हैं, जहाँ छात्रों को सुरक्षित पासवर्ड प्रथाओं, फिशिंग के खतरों, और डेटा संरक्षण के तरीकों के बारे में जानकारी दी जाए। रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन्स या स्थानीय पुस्तकालयों में समुदाय के लिए प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जा सकते हैं, जहाँ उन्हें ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने और सुरक्षित ऑनलाइन व्यवहार के बारे में सिखाया जाए।

**साइबर सुरक्षा वॉलंटियर कार्यक्रम**: साइबर सुरक्षा वॉलंटियर कार्यक्रम स्थानीय स्तर पर समुदायों को साइबर सुरक्षा के बारे में शिक्षित करने के लिए एक उत्कृष्ट पहल हो सकते हैं। वॉलंटियर्स, जिन्हें साइबर सुरक्षा में प्रशिक्षण दिया गया हो, वे अपने समुदाय में जागरूकता बढ़ाने, सुरक्षित प्रथाओं को बढ़ावा देने और साइबर खतरों की पहचान करने में सहायता कर सकते हैं।

**उदाहरण**: कॉल सेंटर सहायता: वॉलंटियर्स एक हेल्पलाइन स्थापित कर सकते हैं जहाँ लोग साइबर सुरक्षा से संबंधित प्रश्न पूछ सकते हैं और तुरंत सलाह प्राप्त कर सकते हैं। वॉलंटियर्स स्कूलों में जाकर छात्रों को ऑनलाइन खतरों के बारे में शिक्षित कर सकते हैं और सुरक्षित इंटरनेट उपयोग की आदतों को सिखा सकते हैं।

**सामुदायिक डिजिटल सुरक्षा कार्यक्रम**: स्थानीय समुदायों द्वारा डिजिटल सुरक्षा कार्यक्रमों का आयोजन किया जा सकता है, जिसमें सामुदायिक सदस्य एक-दूसरे के साथ जानकारी साझा करें और साइबर सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श करें। यह पहल सामुदायिक जुड़ाव को बढ़ावा देती है और साइबर खतरों के बारे में जागरूकता फैलाने में मदद करती है।

**उदाहरण**: साइबर सुरक्षा चर्चाएँ: सामुदायिक केंद्रों में साइबर सुरक्षा से संबंधित चर्चाएँ और सवाल-जवाब सत्र आयोजित किए जा सकते हैं। डिजिटल सुरक्षा उपकरणों और तकनीकों पर कार्यशालाएं, जैसे एंटीवायरस सॉफ़्टवेयर का उपयोग और डेटा एनक्रिप्शन, समुदाय को सुरक्षित रखने में मदद कर सकते हैं।

**साइबर सुरक्षा कानून और नीतियाँ** : सरकार को साइबर सुरक्षा के लिए कड़े कानून और नीतियाँ बनानी चाहिए जो साइबर अपराधों से प्रभावी ढंग से निपट सकें। ये कानून व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा, साइबर अपराधों के खिलाफ सजा, और ऑनलाइन गोपनीयता की सुरक्षा सुनिश्चित करने में सहायक होते हैं।

## खबर संक्षेप

### मकान से लाखों के गहने व नकदी चोरी

**फतेहाबाद।** चोरों ने गांव झलनियां में एक मकान के ताले तोड़कर वहां से लाखों के गहने व नकदी चोरी कर ली। चोरों ने जिस कमरे में परिवार के लोग सो रहे थे, उस कमरे को बाहर से बंद कर दिया। इस बारे सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी है।

### गुरुद्वारा पाक जाने के लिए 18 तक करें आवेदन

**सिरसा।** श्री गुरु नानक देव के अवतरण दिवस पर गुरुद्वारा पाकिस्तान जाने के इच्छुक तीर्थ यात्री 18 जुलाई से पहले उपायुक्त कार्यालय में अपने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं। उपायुक्त आर.के. सिंह ने बताया कि गुरु पर्व में भाग लेने के इच्छुक तीर्थ यात्री अपना प्रार्थना पत्र (आधार कार्ड, राशन कार्ड, पहचान पत्र व वैद्य पासपोर्ट की प्रति सहित) जमा करवाएं।

### पौधारोपण अभियान का आयोजन

**ओढां।** राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के सौजन्य से गांव ओढ़ा में पर्यावरण संरक्षण के तहत पौधारोपण अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एक्सपर्ट संस्था के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर नाबार्ड प्रबंधक स्वरदीप सिंह ने शिरकत करते हुए प्रतिभागियों से पर्यावरण को सुरक्षित रखने का आह्वान किया।

### युवक 50 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार

**सिरसा।** एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस ने गश्त व चैकिंग के दौरान एक युवक को 50 ग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। एसपी विक्रांत भूषण ने बताया कि गश्त के दौरान पुलिस को एक युवक आता दिखाई दिया, युवक ने पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने उसे काबू कर तलाशी ली तो युवक के कब्जा से 50 ग्राम हैरोइन बरामद हुई।

### धूमधाम से शीतला माता की मूर्ति स्थापना

**ओढां।** गोशाला रोड पर स्थित माता मसानी रानी मंदिर में शुक्रवार को शीतला माता की मूर्ति स्थापना की गई। पंडित सीता राम शास्त्री, मनोज शर्मा व राजेंद्र वशिष्ठ ने पूजा अर्चना के साथ मंदिर कमेटी के सदस्यों के हाथों से मूर्ति की स्थापना करवाई। इस अवसर पर हवन में मुख्य यजमान पप्पी वर्मा, पाल चोलिया, डॉ. गमदूर, गोरा सोनी, सोनू थोरी व श्रद्धालुओं ने आहुतियां डाली।

### विस्थापितों के आवास का प्रबंध करें सरकार: सैलजा

**सिरसा।** सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार और प्रशासन दोनों ने मिलकर सिरसा थेड़ विस्थापितों का जीवन नरक बना दिया है, इन विस्थापित 730 परिवारों को अस्थायी रूप से हाउसिंग बोर्ड फ्लैटों में बसाया गया है। जहां पर वे मूलभूत सुविधाओं से वंचित है, वे आज भी बिजली, पीने का पानी और सीवरेज को लेकर परेशान है। कभी हाउसिंग बोर्ड फ्लैटों को खाली कराने के लिए भेज देता है। कभी परेशान करने के लिए बिजली कनेक्शन काट दिए जाते हैं।

## माखा, खोखर, नौरंग, असीर, ओढ़ा, सालमखेड़ा में होगा काम

# विधायक ने 1.27 रुपये करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास

सालमखेडा गांव में 21.69 लाख रुपए की लागत से तीन गलियों के निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

विधायक अमित सिहाग ने शुक्रवार को गांव माखा, खोखर, नौरंग, असीर, जगमालवाली, ओढ़ा, सालमखेड़ा, चोरमार, किंगरा आदि गावों में करीब 1.27 करोड़ की लागत से होने वाले विकास कार्यों का शिलान्यास किया। विधायक सिहाग ने माखा गांव में 12 लाख की लागत से निर्मित होने वाली गली, खोखर गांव में 4.15 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाली गली, नौरंग गांव में 24.09 लाख रुपए की लागत से बनने वाली गली, असीर गांव में 3.57 लाख की लागत से निर्मित होने वाली दाह संस्कार भट्ठी, जगमालवाली गांव में 18.92 लाख की लागत से निर्मित होने वाली गलियों व दाह संस्कार भट्ठी, ओढ़ा गांव में 10.69 लाख रुपए की लागत से मजहबी सिख धर्मशाला का पुनः निर्माण कार्य तथा गली निर्माण कार्य, सालमखेडा गांव में 21.69 लाख रुपए की लागत से तीन गलियों के निर्माण, चोरमार गांव में 17.10 लाख रूपए की लागत से दो गलियों का निर्माण तथा दास संस्कार भट्ठी निर्माण, किंगरा गांव में 14.24 लाख रूपए की लागत से निर्मित होने वाली गली आदि विकास कायोंर् का शिलान्यास किया।



सिरसा। निर्माण कार्य का शिलान्यास करते विधायक अमित सिहाग।

### कांग्रेस को ऐतिहासिक जीत दिलाने के लिए आभार जताया

विभिन्न गावों में आमजन से मुलाकात करते हुए अमित सिहाग ने लोकसभा चुनावों में सिरसा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी को ऐतिहासिक बहुमत से जीताने के लिए भी उनका आभार व्यक्त किया। सिहाग ने कहा कि आपके द्वारा दिए गए बहुमत ने हमारी शराफत संग विकास की नीति को ताकत देने का काम किया है। विधायक ने कहा कि हरियाणा की जनता ने इन चुनावों में वर्ष 1984 के बाद पूरे देश मे सबसे 'यादा वोट प्रतिशत कांग्रेस पार्टी के हक में बढ़ा कर साबित कर दिया है कि जनता मौजूदा भाजपा सरकार की नीतियों से परेशान हो चुकी है और उसने कांग्रेस को सत्ता में लाने का मन बना लिया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं में आमजन से अपील की है कि वो आगामी चुनावों के लिए कमर कस लें ताकि आपके हितों को सुरक्षित रखने और आपका भला करने वाली कांग्रेस पार्टी की सरकार प्रदेश में सत्ता में आ सके।

# कर्मचारियों ने मांगों को लेकर उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्ज यूनियन की ओर से अपनी मांगों को लेकर कर्मचारियों ने प्रदर्शन करते हुए उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। यूनियन के प्रदेश महामंत्री पूनियां, मनमोहन जिला प्रधान, दीपक वर्मा रा'य उपप्रधान, रघुवीर रा'य उपप्रधान, रमेश वर्मा, भूपेंद्र वर्मा, मुकेश सैनी, रामकुमार, बाजा सिंह, दुलीचंद, बृजलाल, साहबराम ने बताया कि कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर कर्मचारी लंबे समय से संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन अभी तक सरकार की ओर से मांगों के संबंध में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है, जिसको लेकर कर्मचारियों में खासा रोष है। कर्मचारियों की मांग है कि सेवानिवृत्ति की आयु 60 वर्ष की जाए। केंद्र के समान सभी वेतन व भत्ते लागू किए जाएं।

### कर्मचारियों को मेडिकल कैशलैस की सुविधा दी जाए

सभी कर्मचारियों को मेडिकल कैशलैस की सुविधा दी जाए। तकनीकी पदों पर कार्यरत कर्मचारियों को 2400 रुपए का पे ग्रेड लागू किया जाए। ड्यूटी के दौरान मृत्यु पर 30 लाख रुपए का आर्थिक अनुदान व आश्रित को नौकरी दी जाए। तृतीय श्रेणी के कर्मचारियों 1000 रुपए मासिक भत्ता दिया जाए। फिल्ड में तैनात कर्मचारियों का 10 प्रतिशत कोटा निर्धारित किया जाए। रिक्त पद भरे जाएं। 5/8 की शर्त हटाई जाए। पुरानी पेंशन योजना बहाल कर नई पेंशन योजना को बंद किया जाए। जिला स्तर पर कर्मचारियों की खेल प्रतियोगिताएं करवाई जाए व सम्मानित किया जाए। मृतक कर्मचारियों के वारिशों को नौकरी देते समय कम से कम 5 वर्ष व 52 वर्ष अधिकतम सीमा शर्त हटाई जाए। सेवानिवृत कर्मचारियों को 65 वर्ष से 70 वर्ष के पश्चात 10 प्रतिशत वेतन वृद्धि की जाए।

# शिविर में 56 समस्याएं आई, समाधान के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जिला स्तर पर आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर में आमजन की समस्याओं पर जिला प्रशासन द्वारा त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुए उनका निराकरण किया जा रहा है ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। शुक्रवार को लघु सचिवालय में आयोजित हुए समाधान शिविर में अतिरिक्त उपायुक्त डा. विवेक भारती ने 56 शिकायतों की सुनवाई की और संबंधित अधिकारियों को बुलाकर उनका समाधान करने के लिए दिशा-निर्देश दिए। अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने बताया कि समाधान शिविर में आने वाली हर शिकायत को अधिकारी पोर्टल पर अपलोड कर रहे हैं और साथ में समस्या की वर्तमान स्थिति भी पोर्टल पर अपडेट की जा रही है। अतिरिक्त उपायुक्त ने शिविर में नागरिकों की प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, बिजली, पानी तथा विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं इत्यादी समस्याएं सुनी और अधिकतर का मौके पर ही निदान करवाया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निवारण करें।

### सैनी सभा ट्रस्ट ने एडीसी को सौंपा ज्ञापन

**सिरसा।** हांसी में हीरो शोरूम संचालक रविंद्र कुमार सैनी की असामाजिक तत्वों द्वारा सरेआम गोलियां से की गई हत्या को लेकर सैनी सभा ट्रस्ट की ओर से शुक्रवार को एडीसी डॉ. विवेक भारती को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। प्रधान नरेंद्र सैनी, विजयपाल दहिया कोषाध्यक्ष, विशान सैनी उपप्रधान, चुन्नीलाल, बनवारी, उमेश कुमार, प्रवीण, सुभाष, विवेक, नवीन सैनी ने बतया कि दो दिन पूर्व हांसी में हीरो शोरूम के संचालक रविंद्र कुमार सैनी की सरेआम कुछ गुंडा तत्वों ने गोलियां बरसाकर उनकी हत्या कर दी थी। ज्ञापन में कहा गया कि अभी तक पुलिस ने इस घटना में किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया है जिससे सैनी समाज में रोष है।

# सीए की परीक्षा में फतेहाबाद जिले के 4 युवाओं ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया नई दिल्ली द्वारा जटिल सी.ए. की परीक्षा को उत्तीर्ण करते हुए जाट धर्मशाला में स्थित सीए रुपेश कथूरिया के कार्यालय से फतेहाबाद के 4 युवाओं ने मिसाल कायम की है। इस उपलब्धि को हासिल करने वालों में लविश पोपली पुत्र हरीश पोपली, अमन कथूरिया पुत्र हंस कथूरिया, हिमांशु चोपड़ा पुत्र यश चोपड़ा व रिधम लूथरा पुत्र अमरनाथ लूथरा शामिल हैं। उनकी इस उपलब्धि से जहां फतेहाबाद जिले नाम रोशन हुआ है वहीं इन छात्रों की मेहनत से उनके अभिवावकों, अध्यापक व उनके गुरु भी गर्व महसूस कर रहे हैं। सीए रुपेश कथूरिया ने सभी उत्तीर्ण हुए छात्रों व उनके अभिवावकों को बधाई देते हुए बताया कि लविश पोपली ने आल इंडिया स्तर पर 31वां रैंक हासिल किया है जोकि एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि इन छात्रों ने दिन-रात कड़ी मेहनत की है जिसका परिणाम उनकी कड़ी मेहनत के अनुरूप ही आये है। इन छात्रों ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों व अभिवावकों के मार्गदर्शन व प्रेरणा को दिया है। इन छात्रों ने साबित कर दिया है अगर आपका लक्ष्य साफ है तो इस लक्ष्य को अपनी समझदारी व मेहनत से पाया जा सकता है।



फतेहाबाद। सीए परीक्षा पास करने वाले युवा।

# सूलीखेड़ा के ग्रामीणों ने स्कूल के बाहर जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भट्टूकलां

- स्कूल को 12वीं तक अपग्रेड करने की मांग

क्षेत्र के गांव सूलीखेड़ा के ग्रामीणों ने गांव के मिडल स्कूल को अपग्रेड कर 12वीं तक करने की मांग की है। इसको लेकर ग्रामीणों ने आप नेता लक्ष्य गर्ग के नेतृत्व में स्कूल के बाहर रोष जताया और चेतावनी दी कि अगर गांव के सरकारी स्कूल को अपग्रेड नहीं किया गया तो ग्रामीण आने वाले विधानसभा चुनावों में इस मुद्दे को लेकर अपना वोट डालेंगे।

इस अवसर पर अनिल कुमार, राममूर्ति श्योराण, जितेन्द्र बैनीवाल, रामकुमार बैनीवाल, आदेश कुमार, राममूर्ति फौजी, सहीराम बैनीवाल, प्रदीप बैनीवाल, संदीप बैनीवाल, पवन नायक सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

ग्रामीणों के बीच पहुंचे आप नेता लक्ष्य गर्ग व अन्य ग्रामीणों ने कहा कि गांव सूलीखेड़ा का राजकीय माध्यमिक विद्यालय केवल 8वीं तक ही है। ऐसे में गांव के विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके परिजनों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

शासन-प्रशासन के अलावा स्थानीय विधायक का भी इस कोई ध्यान नहीं है। उन्होंने कहा कि 8वीं तक स्कूल होने के कारण इसके बाद या तो विद्यार्थियों को पढ़ाई छोड़कर घर बैठना पड़ता है या फिर गांव से बाहर पढ़ने के लिए जाना पड़ता है। खासकर गांव की बेटियों को सबसे ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

ग्रामीणों ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनावों में वे इसी मुद्दे को लेकर वोट देंगे। जो भी नेता स्कूल को अपग्रेड करवाने की गारंटी लेगा, ग्रामीण सिर्फ उसका ही साथ देंगे। उन्होंने कहा कि अगर प्रदेश सरकार ने जल्द ही स्कूल को 12वीं तक अपग्रेड नहीं किया तो उसे आगामी चुनावों में इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। इसके अलावा ग्रामीणों ने गांव में शिक्षा का स्तर सुधारने को लेकर एक कमेटी का गठन करने का भी निर्णय लिया। ग्रामीणों ने कहा कि सरकार शिक्षा को लेकर कोई ध्यान नहीं दे रही, ऐसे में उन्हें खुद ही इसके लिए कोई कदम उठाना पड़ेगा।



भट्टूकलां। गांव सूलीखेड़ा में स्कूल को अपग्रेड करने की मांग करते ग्रामीण।



फतेहाबाद। भाजपा जिलाध्यक्ष को एनएचएम कर्मचारियों की मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के पदाधिकारी। फोटो: हरिभूमि

### भाजपा जिलाध्यक्ष से मिले एनएचएम कर्मचारी

**फतेहाबाद।** एनएचएम कर्मचारियों को नियमित करने और जायज मांगों को लेकर स्वास्थ्य कर्मचारी संघ हरियाणा सम्बंधित भारतीय मजदूर संघ का प्रतिनिधिमंडल आज प्रदेशाध्यक्ष विपिन शर्मा के नेतृत्व में भाजपा जिलाध्यक्ष बलदेव सिंह ग्रोहा से मिला और उन्हें मांग पत्र सौंपते हुए भाजपा सरकार से उनकी मांगों को पूरा करवाने की मांग की। जिलाध्यक्ष बलदेव सिंह ग्रोहा ने एनएचएम कर्मचारियों को आश्वासन दिया कि वे इस मामले में सीएम से बात करके उनकी समस्याओं का समाधान करवाने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर शिव कुमार, सुलतान सिंह, जयवीर सिंह, उमेद सिंह, संदीप कुमार, सतबीर, सुरेश सहित अनेक कर्मचारी मौजूद रहे। स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष विपिन शर्मा ने भाजपा जिलाध्यक्ष को बताया कि पिछले 5 सालों से प्रदेश में कार्यरत एनएचएम कर्मचारियों की मांगों पर कोई सकारात्मक कार्यवाही नहीं हुई है। एनएचएम कर्मचारियों को नियमित करने के लिए वर्ष 2016 में दो बार मसौदा तैयार किया गया था, जिसको सरकार के द्वारा अनदेखा किया गया है।

# किसानों ने एक्सईन को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

गांव बरसीन, कुम्हारिया, बीघड़, भूथन कलां आदि गांवों के किसानों, मजदूरों और ग्रामीणों ने बिजली के बिलों, तारों, ट्रांसफार्मर, बिजली की सप्लाई से जुड़ी हुई समस्याओं को लेकर अखिल भारतीय किसान सभा की तहसील कमेटी के नेतृत्व में दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम फतेहाबाद के एक्सईएन को ज्ञापन सौंपा। किसान सभा के तहसील उपप्रधान धर्मपाल के नेतृत्व में अधिकारी से मिलने पहुंचे ग्रामीणों ने बिजली सम्बंधी समस्याओं का जल्द समाधान करने की मांग की। समस्याओं का समाधान न होने पर 22 जुलाई को एसई कार्यालय के घेराव की चेतावनी दी गई है।किसान नेता धर्मपाल ने बताया कि ज्ञापन में मांग की गईहै कि सभी नागरिकों को हर माह 300 युनिट बिजली मुफ्त दी जाए और बाकी खपत रेट आधा कर लगाए गए अनाप-शनाप चार्जिज तुरंत हटाए जाएं। किसानों के लंबित ट्यूबबैल बिजली कनैक्शन के पैसे भरे 2-2 साल बीत चुके हैं लेकिन कनैक्शन नहीं मिले हैं उन्हें तुरंत कनैक्शन जारी किए जाए और फव्वारा लगाने की शर्त हटाई जाए।



फतेहाबाद। बिजली विभाग के एक्सईएन को ज्ञापन सौंपते हुए किसान सभा फतेहाबाद का प्रतिनिधिमंडल।



सिरसा। क्लेरिकल एसोसिएशन वेलफेयर सोसायटी सदस्य बैठक करते हुए।

### बैठक रही बेनतीजा तो लिपिक वर्ग लेगा कड़ा फैसला

**सिरसा।** क्लेरिकल एसोसिएशन वेलफेयर सोसायटी हरियाणा को उनकी मांगों के सिलसिले में मुख्य प्रधान सचिव और सीएम नायब सिंह सैनी के साथ बैठक के लिए 16 जुलाई का समय दिया गया है। सोसायटी की सिरसा जिला की जिला कार्यकारिणी ने एक महत्वपूर्ण बैठक की, जिसमें मुख्य रूप से संगठन के रा'य महासचिव सतीश कुमार ढाका शामिल हुए। बैठक में सभी ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि आगामी 16 जुलाई तक हरियाणा सरकार हमारी जायज मांग और हड़ताल के समय को कार्य दिवस के रूप में नहीं मानती है तो निश्चित रूप से हम कड़े फैसले लेने पर बाध्य होंगे। यदि रा'य नेतृत्व द्वारा हड़ताल की कॉल दी जाती है तो उसके लिए भी संपूर्ण लिपिक वर्गीय कर्मचारी तैयार हैं। अब देखने वाली बात यह कि सरकार लिपिकों की तर्कसंगत मांग पर कितना सकारात्मक रहती है। यदि 16 जुलाई को क्लेरिकल एसोसिएशन वेलफेयर सोसायटी के नेताओं की चंडीगढ़ में मुख्य प्रधान सचिव टू सीएम राजेश खुल्लर के साथ बैठक बेनतीजा रहती है तो लिपिक वर्ग फिर से आंदोलन की राह पर चलने को मजबूर होगा।

# बड़े पुलिस अफसरों से जान पहचान बताकर युवक से डेढ़ लाख ठगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

बड़े पुलिस अफसरों से जान पहचान बताकर एक युवक द्वारा डेढ़ लाख रुपये ठगने का मामला सामने आया है। आरोपी ने धोखाधड़ी के एक मामले में फरार चल रहे आरोपी को तीन दिन में पकड़वाने की बात कहकर यह राशि ठगी। पुलिस को दी शिकायत में ढाणी बबनपुर निवासी मोहन सिंह ने कहा है कि उसकी 5 सितम्बर 2023 को टिब्बा कालोनी रतिया निवासी सोहन सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज करवाया था, जिसमें आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो रही थी। 14 जनवरी 2024 को वह अपने चचेरे भाई गुरदीप व सिमरनजीत के साथ फतेहाबाद रोड पर खड़ा था तो उसे बलविन्द्र सिंह निवासी तामसपुरा मिला और कहा कि उसकी पुलिस में बड़े अफसरों से जान-पहचान है। वह बड़े अफसरों को कहकर सोहन सिंह को तीन दिन में गिरफ्तार करवा देगा लेकिन इसके लिए 1 लाख 50 हजार रुपये लगेंगे। मोहन ने कहा कि उसने बलविन्द्र की बातों पर विश्वास कर बड़े अफसरों से बात करने को कहा। अगले दिन बलविन्द्र ने उन्हें फतेहाबाद रोड पर पैट्रोल पम्प के पास बुलाया। बलविन्द्र ने कहा कि उसकी बड़े अफसर से बात हो गई है। अगर हमारा काम न हुआ तो पैसे वापस दिलवा दूंगा। इस पर उन्होंने बलविन्द्र को डेढ़ लाख रुपये दे दिए। इसके बाद भी जब 10-12 दिन गुजर गए और बलविन्द्र की गिरफ्तारी नहीं हुई तो उन्होंने बलविन्द्र से बात की और पैसे वापस मांगे तो बलविन्द्र ने पैसे लौटाने से इंकार कर दिया।

## विभिन्न आदेशों को लेकर जताया रोष

# सफाई कर्मियों ने जलाई सरकारी आदेशों की प्रतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान व राज्य कमेटी सदस्य मनोज अटवाल की अध्यक्षता में कर्मचारियों ने शुक्रवार को प्रदर्शन करते हुए सरकारी आदेशों की प्रतियां जलाकर विरोध जताया। मनोज अटवाल ने बताया कि 27 जुलाई 2023 को जारी किये गए नो वर्क नो पे का पत्र, 31 मई 2024 को सफाई मित्र इन स्वच्छतम पोर्टल के जारी किए गए पत्र को वापिस लेने, 311 एप को बंद करने, गुरुग्राम के 26 सफाई कर्मचारी नेताओं को बहाल करने व अन्य मांगों का तुरंत प्रभाव से समाधान को लेकर ज्ञापन भी सौंपा। उन्होंने बताया कि 27 जुलाई 2023 को नो वर्क नो पे का पत्र, 31 मई 2024 को सफाई मित्र इन स्वच्छतम पोर्टल का पत्र जारी किया गया तथा सफाई कर्मचारियों की हाजरी के लिए 311 एप बनाया गया, इन पत्रों से मालूम होता है कि सफाई कर्मचारियों को विशेष रूप से उत्पीड़ित करने के लिए यह पत्र जारी किए गए हैं, क्योंकि अन्य किसी भी सरकारी, अर्धसरकारी, निगम, बोर्ड, कॉपार्रेशन द्वारा इस तरह का कोई भी पत्र जारी नहीं किया गया है। नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा मांग करता है कि कर्मचारी विरोधी उत्पीड़ानात्मक कार्यवाही के पत्रों को वापस लें तथा 311 एप को बंद किया जाए। संघ की मांग है कि सफाई कर्मचारियों को पोर्टल के माध्यम से नौकरी देने की बजाय सफाई कर्मचारियों व सीवरमेनों की पक्की भर्ती की जाए और कच्चे सफाई कर्मचारियों व सीवर मैनों का वेतन, सफाई भत्ता, वर्दी भत्ता, धुलाई भत्ता व अन्य भत्तों सहित 26000 रुपए किया जाए तथा 5 प्रतिशत वार्षिक बढ़ौतरी की जाए। 16 जुलाई को कर्मचारियों के समर्थन में सर्व कर्मचारी संघ द्वारा प्रदर्शन किया जाएगा।



सिरसा। डीएमसी को ज्ञापन सौंपते हुए नगरपालिका कर्मचारी।

### कार चोरी दा आरोपी गाड़ी सहित गिरफ्तार

**ओढां।** ओढां पुलिस ने नैशनल हाईवे पर स्थित एक ढाबे से चोरी की गई इनोवा कार सहित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी अनिल सोढ़ी ने बताया कि 3 दिन पूर्व नेशनल हाईवे किनारे स्थित एक ढाबे से गाड़ी लेकर फरार होने मामले में पुलिस ने आरोपी से चोरीशुदा गाड़ी की बरामदगी कर उसे अदालत में पेश कर दिया। वहां से आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

**बेदखली सूचना**

मैं, बिमला पत्नी बीरबल सिंह साकिन नहला सब तहसील भूना, जिला फतेहाबाद ब्यान करती हूं कि मेरा लड़का विक्रम सिंह मेरे कहने-सुनने के बाहर है इसलिए मैं उसे अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में उससे लेन-देन करने वाला खुद जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

शपथकर्ता

## खबर संक्षेप

### जिले से दो छात्राओं सहित तीन युवतियां लापता

**फतेहाबाद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से तीन युवतियों के लापता होने का समाचार है। पहले मामले में पुलिस को दी शिकायत में भूना निवासी एक व्यक्ति ने कहा है कि गत दिवस उसकी 21 वर्षीय लड़की रतिया स्कूल जाने की बात कहकर घर से गई थी लेकिन शाम तक वह वापस नहीं लौटी है। इस पर उन्होंने जब उसके मोबाइल पर फोन किया तो उसने कहा कि वह अमृतसर में है और उसे 1 हजार रुपये की जरूरत है। इस पर उन्होंने उसको पैसे भेज दिए। इसके बाद न तो उसने उनका फोन उठाया और न ही घर वापस लौटी है।

### चौटाला के नेतृत्व में बनेगी इनेलो-बसपा सरकार

**फतेहाबाद।** हरियाणा विधानसभा चुनावों को लेकर इनेलो और बसपा के बीच हुए गठबंधन से दोनों दलों के कार्यकर्ताओं में नए जोश का संचार हुआ है। हरियाणा में किसान कमेरे वर्ग का यह गठबंधन दूसरे स्वार्थी दलों को चुनावों में धूल चटाने का काम करेगा और अभय सिंह चौटाला के नेतृत्व में इनेलो-बसपा गठबंधन की सरकार बनेगी। यह बात इनेलो जिलाध्यक्ष बलविन्द्र कैरों, शहरी जिलाध्यक्ष हरबंस खन्ना व ग्रामीण जिलाध्यक्ष हरि सिंह डांगरा ने इनेलो-बसपा गठबंधन का स्वागत किया।

### बाल किशोर अपराध पर कार्यशाला का आयोजन

**फतेहाबाद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक अग्रवाल के मार्गदर्शन में लघु सचिवालय द्वितीय खंड के निकट स्थित जिला एडीआर सेंटर में बाल एवं किशोर अपराध पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला की अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी गायत्री ने की।

### पेड़- पौधे जीवन का आधार : बिश्नोई

**भूना।** आदर्श भारती इंटरनेशनल स्कूल में हर घर पौधा अभियान की शुरुआत की गई। यह अभियान एक महीने चलेगा। स्कूल के प्रबंध निदेशक सुभाष बिश्नोई व अध्यक्ष राजेश खिचड़ ने पौधा लगाकर मुहिम को आरंभ किया। कार्यक्रम का संचालन स्कूल प्रिंसिपल कृष्ण धारणिया ने किया। विद्यार्थियों को एक- एक पौधा उपहार स्वरूप वितरित किया और पौधा लगाकर इसकी पूरी देखभाल करने का संकल्प भी दिलाया गया। इस अवसर पर साहिल मंडा, मुकेश कुमार, गोविंद सिंह, वीरेंद्र सिंह, अजय कुमार, जयप्रकाश, धर्मपाल सिंह, अमित कुमार, राजकुमार, मंजू मंडा व अन्य मौजूद रहे।

### सीएम सैनी व बड़ौली का 25 को फतेहाबाद में

**फतेहाबाद।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व भाजपा के नए प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली 25 जुलाई को फतेहाबाद की अनाजमंडी में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में बतौर मुख्य वक्ता के रूप में जिलेभर के कार्यकर्ताओं में विधानसभा चुनावों को लेकर उत्साहवर्धन करेंगे। यह जानकारी देते हुए भाजपा पशुपालन एवं डेयरी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक व वरिष्ठ भाजपा नेता राजपाल बैनीवाल ने कहा कि सीएम व प्रदेशाध्यक्ष के आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह चरम पर है।

### डोडा पोस्त सहित तीन महिलाएं गिरफ्तार

**डबवाली।** सीलिंग प्लान के दौरान चौटाला में लगाए गए एक नाके से पुलिस ने तीन महिलाओं को 7 किलो 700 ग्राम डोडा पोस्त सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है । बताया जा रहा है कि तीनों महिलाएं पंजाब की रहने वाली है और राजस्थान से कथित रूप से पोस्त की तस्करी करके पंजाब जा रही थी। चौटाला नाके पर सहायक सब इन्स्पेक्टर दलबीर सिंह अपनी पुलिस पार्टी के साथ नाकेबंदी करके वाहन चैक कर रहे थे। जिन्होंने तीन महिलाओं को शक कि बिनाह पर महिला एसपीओ जीवन की सहायता काबू करके तालाशी ली तो उन तीनो से अलग अलग मात्रा में पोस्त मिली।

## कर्मचारियों का वेतन बढ़ाने की मांग

# बिजली कर्मचारियों ने किया मांगों को लेकर प्रदर्शन, ज्ञापन सौंपा



**सिरसा।** बिजली कर्मचारी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए।


**फतेहाबाद।** अधिकारियों को मांग पत्र सौंपते बिजली कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर्स यूनियन के प्रधान मनमोहन व विजय सिंह की अध्यक्षता में मैनेजमेंट व सरकार के खिलाफ जोरदार धरना देकर हरियाणा की सभी सब यूनिटों प्रदर्शन किया गया।

कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कर्मचारी नेता मदनलाल ने कहा कि सरकार व निगम मैनेजमेंट कर्मचारियों की मांगों के तरफ कोई ध्यान नहीं दे रही है। कच्चे कर्मचारियों के जनवरी 2024 से चिरायु कार्ड बनाने के नाम पर 1500-1500 रूपए काट लिए हैं, लेकिन कार्ड नहीं बनाए, कच्चे कर्मचारियों के वेतन में बढ़ोतरी बहुत कम की गई है। पीएफ खाते का ठीक रख रखाव करने की मागों का ज्ञापन प्रबंधक निदेशक के नाम सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा रा'य कमेटी के आह्वान पर जिला मुख्यालयों में विरोध प्रदर्शन का प्रोग्राम 16 जुलाई को सिरसा में होगा सभी बिजली कर्मचारी भाग लेंगे। इस मौके पर सुरजीत सिंह बेदी, मदनलाल, बाबूलाल, अविनाश कंबोज मौजूद रहे।

## कच्चे बिजली कर्मचारियों ने सौंपा मांग पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

बिजली कर्मचारियों ने आज ऑल हरियाणा पॉवर कारपोरेशन वर्कर यूनियन फतेहाबाद के आह्वान पर 33केवी शहरी व अर्द्धशहरी उपमंडल कार्यालय के प्रांगण में अपनी मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने उपमंडल अधिकारी के मार्फत निगम के चारों प्रबंध निदेशकों के नाम मांग पत्र सौंपकर कच्चे कर्मचारियों की समस्याओं का तुरंत प्रभाव से समाधान करने की मांग की। विरोध प्रदर्शन की अध्यक्षता शहरी सब यूनिट प्रधान संजय कुमार ने की व संचालक अर्द्धशहरी सब यूनिट सचिव विकास शर्मा ने किया। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए यूनिट उपप्रधान पवन कड़वा व यूनिट सचिव रामनिवास शर्मा ने बताया कि पिछले 3 साल से कच्चे कर्मचारियों के वेतन में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। अब सरकार द्वारा केवल 8 प्रतिशत की बढ़ोतरी की घोषणा की गई है जोकि आज की महंगाई को देखते हुए बहुत कम है। कच्चे कर्मचारियों के वेतन में कम से कम 25 प्रतिशत की वृद्धि की जानी चाहिए। कच्चे कर्मचारियों से चिरायु कार्ड के नाम पर नवम्बर 2023 व जनवरी 2024 में 1500-1500 रुपये काटे गए हैं लेकिन अभी तक कर्मचारियों को कोई चिरायु कार्ड सरकार द्वारा जारी नहीं किया गया है, जिस कारण कच्चे कर्मचारियों और उनके आश्रितों को कोई मेडिकल सुविधा नहीं मिल रही है। इसलिए इन कर्मचारियों के चिरायु कार्ड तुरंत बनाकर दिए जाएं। इस मौके पर कर्मचारी मौजूद रहे।

# गांवों मे फोगिंग करवाएं पंचायत अधिकारी : सुमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद


**फतेहाबाद।** जिला परिषद चेयरपर्सन सुमन सुभाष खिचड़।

- जिप चेयरपर्सन ने काम में देरी या लापरवाही होने पर कड़ी कार्रवाई की भी दी चेतावनी

बारिश के मौसम से पनपने वाली मौसमी बिमारियों की रोकथाम के लिए जिला परिषद अध्यक्षा सुमन सुभाष खिचड़ आगे आई हैं। जिप चेयरपर्सन सुमन सुभाष खिचड़ ने इस बारे में जिले के सभी खंड विकास एवं पंचायत अधिकारियों को पत्र लिखकर मच्छरों की बढ़ी संख्या पर रोक लगाने के लिए फोगिंग और अन्य जरूरी कदम उठाने के लिए कहा है। इसके अलावा उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को भी निर्देशित किया है कि वो पंचायत विभाग को फोगिंग में इस्तेमाल होने वाला कैमिकल उपलब्ध करवाएं ताकि गांवों में फोगिंग करवाई जा सके। जिप चेयरपर्सन सुमन सुभाष खिचड़ ने कहा कि वर्षा फसलों के लिए जरूरी है, लेकिन इसके चलते सभी जगह, खासकर ग्रामीण इलाकों में मच्छरों की संख्या बेतहाशा बढ़ जाती है। ऐसे में समय रहते अगर इन मच्छरों पर काबू ना पाया गया तो ये लापरवाही आगे जाकर महामारी को निमंत्रण दे सकती है, इसलिए सभी खंड विकास पंचायत अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि इसके अलावा जिन पंचायतों के पास अपनी फोगिंग मशीन नहीं है, अगले 15 दिनों तक उनके पास फोगिंग मशीन की व्यवस्था खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी को करवानी होगी। सभी बीडीपीओ को कहा गया है कि वो अपने इलाके में आने वाले प्रत्येक गांव में फोगिंग करवाएं। इसके लिए जरूरी कैमिकल स्वास्थ्य विभाग से लिया जा सकता है। सुमन सुभाष खिचड़ ने पंचायतों से भी आग्रह किया है कि अगर किसी पंचायत के पास फोगिंग मशीन खराब है तो वो तुरंत उनसे संपर्क करें। जिप चेयरपर्सन ने बीडीपीओ को स्पष्ट चेतावनी दी है कि फोगिंग के काम में लापरवाही या देरी होती है तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### सफाई कर्मचारी की हार्ट अटैक से मौत

**रानियां।** गांव सेनपाल निवासी एक व्यक्ति की बीती सुबह घर से काम पर जाते समय मौत हो गई। मृतक के परिजनों के अनुसार हार्ट अटैक के कारण युवक की मौत हुई है। मृतक की पहचान करीवाला चौकी क्षेत्र के गांव सेनपाल निवासी तरसेम सिंह के रूप में हुई है। मृतक के भाई मनोहर सिंह ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि उसका 35 वर्षीय भाई तरसेम ग्राम पंचायत में सफाई कर्मचारी के पद पर कार्यरत है। सुबह करीब सात बजे वह घर से अपना नौकरी के लिए निकला था। इसी दौरान घर से थोड़ी दूरी पर जाने पर वह अचेत होकर गिर गया। स्वजन ने उसे संभाला उपचार के लिए अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। जांच अधिकारी मुकेश कुमार ने शव को कब्जे में लेकर राजकीय अस्पताल सरसा मोर्चरी में पहुचांया।

# मालिकाना हक से वंचित रह गए किराएदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डबवाली

नगर परिषद की संपत्तियों में बैठे किराएदारों को स्वामित्व पत्र देकर मालिकाना हक देने का नगरपरिषद किराएदार यूनियन डबवाली ने स्वागत करते हुए हरियाणा सरकार का धन्यवाद किया है। लेकिन साथ ही सरकार से मांग है कि जो आधे से अधिक दुकानदार मालिकाना हक पाने से वंचित रह गए हैं उन्हें भी योजना का लाभ देने के लिए सरकार नियमों में बदलाव करे। नगर परिषद किराएदार यूनियन के प्रधान सुरेंद्र बर्तन वाले ने कहा कि सरकार की योजना के मुताबिक जो व्यापारी 20 साल से स्थानीय निकाय की दुकानों पर काबिज थे उनसे कलेक्टर रेट अनुसार राशि भरवाकर उनको मालिकाना हक दिया जा रहा है।

लेकिन सरकार के कुछ अव्यवहारिक नियमों के कारण बहुत से दुकानदार योजना का लाभ नहीं उठा पा रहे।

नियमानुसार उन दुकानदारों को मालिकाना हक पाने की योजना में शामिल किया जा रहा है जिन दुकानदारों को नगर परिषद की दुकान में काबिज हुए 31 दिसंबर 2022 तक 20 साल हो गए हैं। जिन दुकानदारों को इस तिथि के बाद दुकान में बैठे 20 साल हुए हैं उन दुकानदारों को मालिकाना हक सरकार द्वारा नहीं दिया जा रहा। डबवाली में ही आधे से अधिक दुकानदार ऐसे हैं जिन्हें सरकार की योजना का लाभ नहीं दिया जा रहा।

### राहत देने की मांग

इसलिए सरकार को चाहिए कि 20 वर्ष होने की तिथि 31 दिसंबर 2022 को बदल कर 31 मार्च 2024 तक किया जाए ताकि ब?ी संख्या में शेष रह गए दुकानदार भी योजना का लाभ उठा सकें। प्रधान सुरेंद्र बर्तन वाले के मुताबिक अकेले डबवाली में ही योजना से वंचित रहे दुकानदारों की संख्या करीब 300 है और पूरे हरियाणा में यह संख्या हजारों में है। इसलिए सरकार अगर सचमुच में दुकानदारों के हित को देखते हुए गंभीर है तो सरकार को तुरंत दुकान पर काबिज होने के 20 वर्ष पूरे होने की तिथि 31 दिसंबर 2022 को बदल कर 31 मार्च 2024 तक कर देना चाहिए और इस योजना को लागू भी तुरंत प्रभाव से कर दुकानदारों को जल्द से जल्द स्वामित्व पत्र देना चाहिए।

### संसार की कोई भी वस्तु भगवान से अलग नहीं

**सिरसा।** शमशाबाद पट्टी में भागवत कथा के 7वें दिन कथावाचिका सुमनांजली जोशी ने बताया कि हमारे धार्मिक शास्त्रों में आध्यात्मिकता के रत्न हमें विरासत में मिले हैं। उन्होंने कहा कि ग्रंथ जीवन बदलने वाले उदाहरणों से भरे हुए हैं और मानव जाति के लिए आंखें खोलने का काम करते हैं। परंतु ये विडंबना है कि आज हम में से कुछ लोगों ने इन्हें केवल घर में पूजा करने के लिए ही रखा है और कुछ अन्य इसे मिथक मानते हैं। परमात्मा ही परम सत्य है। जब हमारी वृत्ति परमात्मा में लगेगी तो संसार गायब हो जाएगा। प्रश्न यह है कि परमात्मा संसार में घुले-मिले हैं तो संसार का नाश होने पर भी परमात्मा का नाश क्यों नहीं होता? इसका उत्तर यही है कि भगवान संसार से जुड़े भी हैं और अलग भी हैं।

# ज्वेलर्स ने मांगे आर्म्स लाइसेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डबवाली

- एसपी ने ज्वेसर्ल के साथ की बैठक


**सिरसा।** 'वैलरी शॉप संचालकों के साथ बैठक करती एसपी दीप्ति गर्ग।

डबवाली की पुलिस अधीक्षक दीप्ति गर्ग ने शुक्रवार को कार्यालय में डबवाली व कालांवाली के ज्वेलरी शॉप संचालकों के साथ बैठक की। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने ज्वेलरी शॉप संचालकों से कहा कि अपने जान माल की सुरक्षा हमारी प्रमुखता होनी चाहिए। सभी ज्वैलर्स अपनी शॉप पर अच्छे एवं उच्च गुणवत्ता के सीसीटीवी कैमरा लगवाए और यह भी सुनिश्चित करे कि वे सभी चालू हालत में हो। समय-समय पर उनकी जांच करते रहे और अगर कोई कैमरा खराब हो जाए तो बिना देरी के उसकी मरम्मत करवाए। सीसीटीवी का बैकअप अवश्य रखे। सभी लोग कैमरों को इस प्रकार स्थापित करवाएं कि उनमें शॉप के सामने से गुजरने वाले व्यक्तियों के हाव भाव, उनका चेहरा और वाहनों की नंबर प्लेट स्पष्ट रूप से दिखाई दे। सीसीटीवी की डीवीआर की सेफ्टी सुनिश्चित करें। साथ ही डीवीआर के डेटा को ऑनलाइन भी सुरक्षित करे। उन्होंने कहा कि कैमरे हर समय काम करते हैं तो इससे आपराधिक गतिविधियों पर निगाह रखी जा सकती है। अपराध होने पर कैमरे पुलिस के भी सहायक होते हैं। 'वेलरी शॉप पर सेफ भी अच्छी क्वालिटी के हो और कैश अधिक होने पर उसे तुरंत बैंक में जमा करवाए। सुरक्षा के दृष्टि से डायल 112 से संपर्क करें।

# सेवानिवृत्त कर्मियों ने मांगों को लेकर की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद


**फतेहाबाद।** उपायुक्त कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते रिटायर्ड कर्मचारी।

रिटायर्ड कर्मचारी संघ के आह्वान पर सैंकड़ों सेवानिवृत कर्मचारियों ने आज अपनी मांगों को लेकर फतेहाबाद में जोरदार प्रदर्शन किया। सड़कों पर उतरे सेवानिवृत कर्मचारियों में सरकार की नीतियों को लेकर काफी गुस्सा था। प्रदर्शन की अध्यक्षता रिटायर्ड कर्मचारी संघ के जिला प्रधान धर्मपाल यादव ने की एवं संचालन जिला सचिव बेगराज ने किया। प्रदर्शन करते हुए सेवानिवृत कर्मचारी उपायुक्त कार्यालय पहुंचे और नगराधीश को सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा। धरने को संबोधित करते हुए जिला प्रधान धर्मपाल यादव, सचिव बेगराज, कोषाध्यक्ष रघुनाथ मेहता, प्रेस सचिव भोला सिंह ने कहा कि रिटायर्ड कर्मचारी संघ लोकतांत्रिक तरीके से बातचीत द्वारा समस्याओं का हल चाहता है। रिटायर्ड कर्मचारी अनेक बार प्रदर्शन कर सरकार तक अपनी बात पहुंचा चुके हैं लेकिन बीजेपी सरकार ने एक बार भी रिटायर्ड कर्मचारियों से बातचीत करना मुनासिब नहीं समझा जबकि हरियाणा में निगम, बोर्ड, कॉरपोरेशन, सरकारी, अर्द्ध सरकारी, विभागों के रिटायर्ड कर्मचारियों की संख्या लाखों में है। रा'य सरकार के नकारात्मक रुख के चलते रिटायर्ड कर्मचारियों में भारी रोष है। रिटायर्ड कर्मचारी मांग कर रहे हैं कि आयु बढ़ने पर पेंशन बढ़ोतरी की जाए। बीमा आधारित इलाज की बजाय कैशलेस चिकित्सा प्रणाली लागू की जाए। केम्यूटेशन की रिकवरी 10 वर्ष में पूरी की जाए। पुरानी पेंशन प्रणाली लागू हो, कोरोना काल में रोका गया 18 महीनों का महंगाई भत्ता जारी किया जाए। फैमिली पेंशनरों को भी एलटीसी की सुविधा दी जाए। उन्होंने कहा कि सरकार की हठधर्मिता के चलते यदि सरकार का रुख अनदेखी वाला रहा तो आंदोलन तेज करेंगे व सड़कों पर रहेंगे।

### नूपुर कार्यक्रम के लिए 15 तक करें आवेदन

**फतेहाबाद।** कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग, हरियाणा द्वारा आयोजित किए जा रहे शास्त्रीय नृत्य, कथक तथा भरतनाट्यम पर आधारित 12 दिवसीय कार्यशाला एवं एक दिवसीय कार्यक्रम नूपुर 2024-25 के ऑडिशन के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 जुलाई है। डीसी राहुल नरवाल ने बताया कि इस कार्यक्रम में केवल हरियाणा मूल के युवा व उभरते कलाकार जिनकी आयु 15 से 35 वर्ष हो, भाग ले सकते हैं। शतार्ें की जानकारी देते हुए बताया कि शास्त्रीय कत्थक नृत्य तथा भरतनाट्यम ऑडिशन में भाग लेने हेतु कोई यात्रा/दैनिक भत्ता नहीं दिया जाएगा। आवेदक आवेदन करते समय नाम, विधा, आयु, जन्म तिथि की जानकारी देनी होगी।

# माखोसरानी में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित


**सिरसा।** प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित करते स्कूल स्टाफ सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चोपटा

- शिक्षा सत्र 2023-24 में मेरिट हासिल करने वाले 12 विद्यार्थियों को किया सम्मानित

खंड के गांव माखोसरानी स्थित राजकीय हाई स्कूल में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें सत्र 2023 - 24 के दौरान विद्यालय में मेरिट हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। यह जानकारी देते हुए विद्यालय के मुख्य अध्यापक सुरेश बैनीवाल ने बताया कि शिक्षा सत्र 2023-24 में विद्यालय के 43 बच्चों में से 12 बच्चों ने मेरिट हासिल की थी। इन बच्चों की हौसला अफजाई के लिए सम्मान समारोह में मीनू वाला, मीनाक्षी, कांता,आरती, अंशुल, पुष्पा, रूबी रानी, मुकेश, खुशबू, सुमन, सोनम व शर्मिला को सुरेश कासनिया, बुधराम भाकर द्वारा विशेष उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अध्यापक सुरेश कुमार बैनीवाल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, प्रतिभाशाली छात्र-छात्राएं अपनी मेहनत और लगन के बल पर शिक्षा के क्षेत्र में उच्च मुकाम हासिल कर रहे हैं और प्रतिभाओं का सम्मान करना जरूरी होता है। इस मौके पर एसएमसी प्रधान विजेंद्र सिंह, पूर्व प्रधान गुलाब सिंह, अध्यापक मदन सिंह, सुरेंद्र कुमार, शांति देवी, सुमन, मधुबाला व अन्य मौजूद रहे।

## ढिंगसरा में एकीकृत कीट प्रबंधन के बारे किया जागरूक

# 14 सप्ताह तक लगेगी किसान खेत पाठशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** गांव ढिंगसरा में आयोजित किसान खेत पाठशाला में किसानों को जागरूक करते कृषि अधिकारी।

कृषि मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से क्षेत्रीय केन्द्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र, फरीदाबाद से आई हुई टीम ने गांव ढिंगसरा में किसान खेत पाठशाला का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य किसानों को एकीकृत कीट प्रबंधन के बारे में जागरूक करना रहा। टीम में शामिल सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी सूरज कुमार, अनिशा बानो व वैज्ञानिक सहायक रूबी कुमारी ने कहा कि किसानों को कीटों का एकीकृत प्रबंधन करना चाहिए जिससे की कम से कम लागत व पर्यावरण नुकसान हो। किसान को किसी भी कीड़े को देखते ही रसायन की तरफ नहीं जाना चाहिए, उसे पहले यह पता करना चाहिए की यह कीड़ा नुकसानदायक है भी या नहीं। अगर नुकसानदायक हैं तो उसकी रोकथाम के लिए सबसे पहले सांस्कृतिक, यांत्रिक व जैविक विधियों का इस्तेमाल करना चाहिए और अगर फिर भी रोकथाम ना हो तो रसायन का इस्तेमाल करना चाहिए।

रसायन से मित्र किट भी मरते हैं जो की अन्य नुकसानदायक कीटों को रोकते है।

उसी रसायन के अवशेष हमारे खाद्य पदाथार्ें में भी रह जाते हैं जिससे की आज कैंसर जैसी घातक बीमारियो का फैलाव हो रहा है। कृषि विकास अधिकारी डॉ. अंकित ढिल्लों ने बताया कि यह पाठशाला 14 सप्ताह तक चलेगी। सप्ताह में एक दिन अधिकारी गांव में यह पाठशाला लगाएंगे और किसानों को इस दौरान फसलों में आ रही कीट संबंधी समस्याओं का एकीकृत समाधान बताएंगे। उन्होंने इसी के साथ-साथ कहा कि आज के दिन किसानों को जागरूक होने की आवश्यकता है, उन्हें हर चीज का वैज्ञानिक दृष्टिकोण देखने व समझने की जरूरत है। इस मौक़े पर विभाग से विक्रम पिलानिया, आनंद बिश्नोई, अनिल बिश्नोई व सुनील कुमार भी साथ मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 7988727916, 9253681005